## सार-समाचार

### जनजागरूकता अभियान का आयोजन




**करौली,** (निसं)। आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा करौली द्वारा दो दिवसीय जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके तहत दिगंबर जैन श्री महावीर जी के तत्वाधान में वहां पर लगे स्टाफ व आम जनों को जानकारी दी गई तथा शुक्रवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज करौली में जयपुर सचिवालय से आई सलाहकार हिमाद्री भटनागर कि मौजूदगी में सिविल डिफेंस की 8 सदस्सीय टीम द्वारा लाइव डेमो दिए गए। सिविल डिफेंस टीम के तरूण दुवे ने बताया कि जागरूकता अभियान के अंतर्गत भूकंप से बचने हेतु इलेक्ट्रिक करंट लगने के बाद, बाढ़ आने के समय, किसी जगह पर आग लग जाने के समय, सांप के काटने के समय,एक्सीडेंट के समय,किस प्रकार की घटनाएं होती हैं और क्या सावधानियां बरतनी चाहिए घटना होने से पहले,घटना होने के बाद इन सारी चीजों की जानकारी दी गई साथ ही सीपीआर के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया इस मौके पर सिविल डिफेंस टीम के सदस्य सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में रामावतार,फरमान,पुष्पेंद्र,जयदेव, बृजभूषण, बालकृष्ण, लोकेंद्र, तरुण आदि मौजूद रहे।

### मां योजना के वाउचर वितरित किये

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। जगदीश धाम कैमरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को राजस्थान सरकार द्वारा जारी माँ योजना के वाउचर केन्द्र प्रभारी डॉ प्रेम सिंह गुर्जर के नेतृत्व में वितरित किये गए । डॉ प्रेम सिंह गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत नसबंदी शिविर का आयोजन 30 दिसम्बर सोमवार को आयोजित किया जाएगा जिसमें आशा सहयोगिनी, एएनएम सहित सभी ठामीणों को जागरूक कर अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की। डॉ गुर्जर ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को डॉक्टर की सलाह पर बच्चे की सेहत और विकास की निगरानी के लिए सोनोग्राफी टेस्ट करवाना जरूरी होता है। इस टेस्ट को अल्ट्रासोनोग्राफी या अल्ट्रासाउंड भी कहा जाता है, और इसमें प्राप्त होने वाली फोटो को सोनाग्राम कहते हैं। इस टेस्ट से यह पता चलता है कि गर्भ में पल रहा बच्चा सही तरीके से विकसित हो रहा है या नहीं। उन्होंने बताया कि प्राइवेट अस्पतालों में बड़े पैमाने पर इसकी राशि मरीजों से ली जाती है, इस खर्च को देखते हुए, कई महिलाओं के लिए यह भारी हो जाता है। इसी समस्या को हल करने के लिए राजस्थान सरकार ने राजस्थान माँ वाउचर योजना शुरू की है। डॉ जितेन्द्र खटाना और वैध रामनरेश ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को मुफ्त सोनोग्राफी की सुविधा प्रदान करना है, ताकि उन्हें इस जरूरी टेस्ट के लिए आर्थिक बोझ न उठाना पड़े और वे अपने बच्चे की सेहत की सही जानकारी प्राप्त कर सकें। कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमरन खटाना ने बताया कि योजना के तहत, पात्र महिलाओं को एक बार मुफ्त सोनोग्राफी की सुविधा दी जाती है। यदि डॉक्टर जरूरत समझते हैं, तो दूसरी बार भी यह टेस्ट मुफ्त में करवाया जा सकता है। भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि इससे गर्भवती महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक मदद मिलती है, बल्कि उन्हें गर्भावस्था के दौरान अपने बच्चे की सेहत की बेहतर देखभाल का मौका भी मिलता है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ प्रेम सिंह गुर्जर, वैध रामनरेश राजपूत, वैध जीतेन्द्र खटाना, मेल नर्स बनवारीलाल, मिथलेश, जतनसिंह, फार्मासिस्ट वीरेन्द्र पंवार, भूपेन्द्र खटाना अधैत, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमरन खटाना, बिजेन्द्र सिंह, सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अतीक अहमद का आज हिंडौन सिटी में एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान गर्म जोशी के साथ माला और साफा पहनकर स्वागत किया गया।रिटायर्ड शारीरिक शिक्षक इदरीस अहमद ने बताया कि आज 28 दिसंबर शुक्रवार को एक सामाजिक कार्यक्रम में पधारने पर अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अतीक अहमद का विभिन्न संगठनों की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अतीक अहमद ने कहा कि हमारा संगठन अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों के हितों के प्रति कटिबंध है और साथ ही समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है।इस अवसर पर डॉक्टर अरबाज खान, शिक्षाविद प्रोफेसर अतीक खान, पूर्व उपसभापति नफीस अहमद, मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के खलीक, राष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद अदीब, नोमान सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। खेड़ा जमालपुर मण्डल में भाजपा मण्डल अध्यक्षा गीता देवी जाट के नेतृत्व में शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर खेड़ा गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं साहिबजादे बाबा फतेह सिंह की धर्म के लिए दी गई शहादत को याद किया गया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वीर बाल दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक गोपाल सिंह गुर्जर ने दोनों साहिबजादे के धर्म के प्रति किये गये त्याग और बलिदान पर अपने विचार व्यक्त किये। इसके अलावा मण्डल उपाध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने भी दोनों साहिबजादे की शहादत के प्रति अपने विचार रखे। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष शोभा तिवारी,मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज , मंडल उपाध्यक्ष छोटेलाल जाटव, मनोज तिवारी, राजवीर गुर्जर, अनु शुक्ला, धर्मेश फैलीकापुरा, ओमप्रकाश मीणा कटकड, अतरसिंह, कश्मीरा, धर्मसिंह प्रजापत, विरमा देवी, ममता, बृजमोहन, लखन माली,वीरवती, अमरवती, हसीना, मुमताज,लाटया नबाब सुनील, शाहिद खान, तसलीम आदि अनेक कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामन्त्री प्रमोद कुमार शर्मा ने किया।

### अस्पताल को कंबल किये भेंट

**करौली,** (निसं)। करौली के मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम की मॉर्निंग वॉक कमेटी ने पहल करते हुए जिला अस्पताल के मरीजों और उनके परिजनों के लिए 100 कंबल भेंट किए हैं। कंबल अस्पताल के स्टोर में रखे जाएंगे और अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेंगे। मरीजों के जाने के बाद वापस अस्पताल के स्टोर में जमा कराए जाएंगे। इस मौके पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने हॉस्पिटल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी रामकेश मीणा को कंबल भेंट किए हैं। अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी रामकेश मीणा ने अस्पताल में कंबलों कि कमी देखते हुए कमेटी के सामने प्रस्ताव रखा था। इसके बाद मॉर्निंग वॉक कमेटी कि ओर से अस्पताल को 100 कंबल भेंट करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मॉर्निंग वॉक कमेटी सदस्य और आरएसएस जिला संघ संचालक देवी सिंह,भरोसी स्वर्णकार ने अस्पताल प्रशासन को कंबल सौंपे हैं। इस दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने अस्पताल में चद्दर,मरीजों के परिजनों को बैठने के लिए ब्रेंच और अन्य सामठाी की खरीद के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की भी घोषणा की है। इस दौरान डॉ.रामकेश मीणा ने बताया कि अस्पताल में अन्य परेशानियों के समाधान के लिए भी समय-समय पर भामाशाह आगे आते हैं और सहयोग करते हैं। करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि अस्पताल में कमियों को दूर करने के लिए सरकार स्तर पर भी प्रयास किए जाएंगे।

### अनिल कालरा कोटा के होंग डीआरएम

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। रेलवे बोर्ड ने गुरुवार को देश के 23 मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) के तबादले कर दिये। रेल मंत्रालय के अनुसार जहां डीआरएम का समय पूरा हो गया है, वहां से उनका ट्रांसफर किया गया है। इस तरह नये अधिकारियों की बतौर डीआरएम पोस्टिंग की गयी है। कुल 23 डीआरएम के तबादले रेलवे बोर्ड ने किया है। इसमें पश्चिम मध्य रेलवे में सीपीओ के पद पर पदस्थ रहे दीपक गुप्ता को एसईसीआर के तहत नागपुर मंडल का डीआरएम बनाया गया है. वहीं जबलपुर डीआरएम विवेक शील की जगह कमल कुमार तलरेजा अगले डीआरएम होंगे. जबकि पमरे के कोटा मंडल के डीआरएम अनिल कालरा होंगे। उल्लेखनीय है कि पमरे की सीपीओ दीपक कुमार गुप्ता जबलपुर मंडल व मुख्यालय में विभिन्न पदों पर सफलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं।

# रंगोली प्रतियोगिता में सृष्टि व रूपाली सिंघल प्रथम

**भरतपुर,** (निसं)। विवेकानन्द पब्लिक सीसै स्कूल में शुक्रवार को विवेकानन्द स्पोर्टस मीट 2024-25 के द्वितीय दिवस म्यूजिकल चेयर जूनियर एवं सीनियर ग्रुप, स्पून रेस, मेंहन्दी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय अध्यक्ष अनंतराम आर्य ने की। सर्वप्रथम कार्यक्रम के अध्यक्ष अनंतराम आर्य ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ।

विद्यार्थियों ने विद्यालय प्राँगण में आकर्षक रंगोली सजाई। रंगोलियों से सजा प्राँगण ऐसा आभास दे रहा था जैसे किसी बड़े महोत्सव की तैयारी बच्चों ने की हो। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में प्रियान जैन प्रथम, मनन अठावाल द्वितीय एवं नक्ष अग्रवाल तृतीय पर रहे। द्वितीय ग्रुप में पुनर्व बंसल प्रथम, रूद्र फौजदार द्वितीय एवं शिवांग राजौरिया तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रतियोगिता के तृतीय ग्रुप में दिव्यांशी गोधर प्रथम, देविका गुर्जर द्वितीय व लिवांशी शर्मा तृतीय स्थान पर रही। स्पून रेस में दिलशान खान प्रथम, प्रियश शर्मा द्वितीय व रमा लवानिया व हेमांग सिंघल तृतीय स्थान पर रहे। मेहन्दी प्रतियोगिता में हंसिका माथुर प्रथम, लता कुमावत व रिमझिम अठावाल द्वितीय व तृतीय स्थान पर नायसा राजपूत व रूपाली सिंघल रहीं। गरिमा गोयल को सांत्वना पुरूस्कार के लिए चुना गया। रंगोली प्रतियोगिता में सृष्टि फौजदार व रूपाली सिंघल प्रथम, लता कुमावत व खुशी जैन एवं कनिष्का कपूर व ट्विंकल फौजदार द्वितीय, उमा लवानिया व पायल एवं अनिका अग्रवाल व डेजी जैन तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता के जूनियर गुरप में तान्या जांगिड़ व अनिका अग्रवाल प्रथम, काशवी भारद्वाज व प्रियस शर्मा द्वितीय, डिम्पल सिंह व इम्मी सहगल तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरूस्कार के लिए सृष्टि खण्डेलवाल व मानवी जैन को चुना गया। सीनियर ठुप में तनुष्का चौधरी प्रथम, मेघा अठावाल द्वितीय, प्रिंसी शर्मा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनंतराम आर्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों की बाल प्रतिभा आश्चर्यजनक है, साथ ही कहा कि बच्चों ने जिस उत्साह से इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया है एवं जो उन्होंने प्रतिभा दिखलाई है इससे साफ जाहिर होता है कि यदि बच्चों की शुरू से खेलों और कला के प्रति रूचि जागृत करें तो ये बच्चे बड़े होकर इन क्षेत्रों में राष्ट्र का नाम जरूर ऊँचा उठा सकते हैं। विद्यालय के डायेरक्टर सत्यव्रत आर्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में स्पर्धा की भावना का जन्म होता है जो उनके उत्तरोत्तर विकास के लिये आवश्यक है। उन्होंने उन अभिभावकों की भी सराहना की। जिन्होने अपने बच्चों को इन प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित एवं तैयार किया। कार्यक्रम सयोंजिका ज्योति आर्य ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट संयोजन के लिए विद्यालय स्टॉफ को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति आर्य एवं उषा फौजदार ने किया।



विवेकानन्द स्पोर्टस मीट के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

### वस्त्र बांटे

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। भारत विकास परिषद् शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा परिषद् के अर्पण अभियान के अन्तर्गत 26 दिसम्बर गुरुवार को आर एस एस द्वारा संचालित स्थानीय हज़रिया की कोठी स्थित अम्बेडकर बाल संस्कार केन्द्र के ज़रूरतमन्द व निर्धन परिवारों के विधार्थियों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया।

शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल एवम् कार्यक्रम प्रभारी हुकम सिंह गुर्जर ने बताया कि परिषद् द्वारा प्रतिवर्ष शीतकालीन सत्र में विभिन्न विद्यालयों एवम् बस्तियों में ज़रूरतमन्द व निर्धन परिवारों के विधार्थियों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया जाता है। शाखा द्वारा आर एस एस द्वारा संचालित अम्बेडकर बाल संस्कार केन्द्र के ज़रूरतमन्द व निर्धन परिवारों के विधार्थियों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांतीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं प्रभारी पंकज जैन शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता संरक्षक अशोक गर्ग सम्पर्क प्रमुख ओमप्रकाश गुप्ता ढिंढोरा रक्तदान प्रभारी मोहित मित्तल तथा आर एस एस के जिला सेवा प्रमुख मुकेश शर्मा बस्ती सेवा कार्यकर्ता श्याम सुन्दर शर्मा एवम् संस्कार केन्द्र की शिक्षिका सविता देवी सम्मिलित हुई।

# जागरूकता रैली निकाली

- **वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की**

**करौली,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना और जानकारी के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। रैली को पूर्व वन पाल और अभियंता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्काउट गाइड और रोवर रेंजर ने शहर के विभिन्न मार्गों से होकर रैली निकाली और आमजन को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने,चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने कि अपील की।इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में करौली यातायात प्रभारी महावीर प्रसाद ने कहा कि स्काउट गाइड अपने परिजनों, मित्रों, पड़ोसियों, गांव वासियों को सड़क सुरक्षा नियमों कि जानकारी प्रदान करें। साथ ही स्वयं भी नियमों की पालना करें। सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार कि ओर से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जिला स्काउट गाइड भवन में सड़क सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यातायात प्रभारी महावीर प्रसाद ने स्काउट गाइड,रोवर रेंजर को सड़क सुरक्षा नियमों कि जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। हेलमेट के प्रयोग नहीं करने पर स्वयं कि जान को खतरा तो है ही साथ ही ई-चालान के माध्यम से जुर्माना भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि फोर व्हीलर वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि हेलमेट व सीट बेल्ट दुर्घटनाओं में होने वाली जन हानि से बचाते है। यातायात प्रभारी ने कहा कि वाहन चलाते समय नशा नहीं करें। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने से भी दुर्घटनाओं कि आशंका बनी रहती है। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना भी जुर्माने कि श्रेणी में आता है। उन्होंने स्काउट गाइड से अपील कि है कि वो स्वयं नियमों का पालन करें एवं अपने मित्रों, परिजनों, साथियों,पड़ोसियों एवं गांव वासियों को भी यातायात नियमों कि पालना करने के लिए प्रेरित करें।

यदि हमारे प्रयास से एक भी जान सड़क दुर्घटना में बच जाती है तो यह बहुत ही पुण्य कार्य होगा। उन्होंने स्काउट गाइड के क्रिया कलापों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वो सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इससे पूर्व स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने आम जन में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागृति उत्पन्न करने कि दृष्टि से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जिसको जिला स्काउट गाइड भवन से पूर्व वनपाल महेश सारस्वत,कनिष्ठ अभियंता पुष्पेंद्र शुक्ला,ठेकेदार रामकुबेर प्रजापत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली जिला स्काउट गाइड भवन से प्रारंभ होकर पुरानी नगर पालिका, फूटाकोट, अनाज मंडी, सब्जी मंडी, गणेश गेट होते हुए स्काउट गाइड भवन पर संपन्न हुई। रैली के दौरान स्काउट गाइड सड़क सुरक्षा संबंधी नारे लगाते चल रहे थे। साथ ही आमजन से हेलमेट पहनना के लिए आग्रह कर रहे थे। रैली का नेतृत्व सीओ गाइड निरमा मीणा ने किया।

# पोस्टर का किया विमोचन

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर और करौली जिले में घटते लिंगानुपात और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए संस्था की नई पहल स्वर्ग संस्था द्वारा घटते लिंगानुपात को रोकने और भ्रूण हत्या को कम करने संबंधी बनाए गए पोस्टर का विमोचन पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा और पुलिस अधीक्षक करौली बृजेश ज्योति उपाध्याय और भरतपुर सिटी सीओ पंकज यादव ने किया।

स्वर्ग संस्था द्वारा इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों में भरतपुर जिला प्रशासन द्वारा मदद करने का आश्वासन दिया। सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ग्रुप (स्वर्ग) संस्था विभिन्न प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्यों में हमेशा ही सक्रिय रूप से योगदान देती रही है। भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा और करौली एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने संस्था के सामाजिक सरोकार के कार्यों में हर संभव सहयोग दोनों जिलों से देने का आश्वासन दिया। नगर निगम कमिश्नर श्रवण कुमार विश्नोई और सचिव विजय प्रताप सिंह ने भी नगर निगम प्रांगण में संस्था की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की पोस्टर का विमोचन किया। संस्था के घटते लिंगानुपात को रोकने और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संबंधी पोस्टर का विमोचन बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय में भी बैंक ऑफ़ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक बनवारी लाल मीणा और समस्त वरिष्ठ प्रबंधकों द्वारा किया गया।

### शिविर शुरू

**नदबई,** (निसं)। आयुर्वेद विभाग एवं सीताराम मन्दिर ट्रस्ट की ओर से नदबई उपखण्ड क्षेत्र के गांव पीली में शुक्रवार को दस दिवसीय आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ हुआ और उससे पहले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर मौन धारण कर श्रंद्वाजली अर्पित की।

उसके बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष भागचन्द पालीवाल की अध्यक्षता में शिविर के उद्घाटन की औपचारिकता निभाई गई।

# 'खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति आती है जागरूकता'

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। युवा अग्रवाल सेवा समिति उदेई मोड गंगापुर सिटी द्वारा तीन दिवसीय पार्थ अग्र प्रीमियर लीग सीजन-7 का विमोचन कार्यक्रम शाम 6 बजे मधुवन रिसोर्ट में आयोजित किया गया.। कार्यऋम सयोजक एड. पवन बंसल एवं आकाश मंगल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं एपीएल स्पोंसर शिवरतन अग्रवाल सभापति, विशिष्ट अतिथि में एपीएल के को-स्पोंसर मनीष मंगल कॉसमॉस, ओमप्रकाश गुप्ता धर्मकांटा डिवाइन पब्लिक स्कूल, यमन मंगल बसंत पेट्रोलियम, चेतन अग्रवाल जीपीएस स्कूल, गौरव मंगल पार्षद मोजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत अग्रसेन महाराज एवं माता लक्ष्मी जी के समक्ष दीप प्रजव्लन के साथ की गयी एवं पधारे हुए सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओ का सम्मान किया गया। इसके बाद सर्वप्रथम चारो टीमों डिवाइन एवेंजर, कॉसमॉस नाईट राइडर्स, बसंत हीरोज, हैप्पी इंडियन के खिलाडियों की ड्रेस का विमोचन शिवरतन अग्रवाल एवं को-स्पोंसर एवं कप्तानो के द्वारा किया गया। इसके बाद पार्थ एपीएल-7 की ट्रॉफी का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया एवं एपीएल-7 के स्पोंसर पार्थ रिसोर्ट के मालिक शिवरतन अग्रवाल सभापति द्वारा बताया गया। इस बार विजेता टीम को 11000 रुपए का नगद पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को 5100 रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा की खेलो के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आती है। सयोजक गौरव मंगल ने बताया कि एपीएल-7 के लीग मैच 1 जनवरी से 3 जनवरी के बीच खेले जायेगे एवं फाइनल मैच 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे से हायर सेकेंडरी खेल मैदान पर खेला जायेगा। इस बार एपीएल के इतिहास में पहली बार सभी मैचों की लाइव प्रसारण जीपीएस स्कूल के सहयोग से किया जा रहा है एवं साथ ही आईपीएल की तर्ज पर इम्पैक्ट प्लेयर का रूल भी एपीएल में लागु किया गया है। अंत में अग्रवाल समाज समिति उदेई मोड अध्यक्ष पंकज मंगलम ने सभी स्पोंसर, को-स्पोंसर एवं सहयोगकर्ता एवं कार्यक्रम में पधारे हुए गंगापुर सिटी अग्रवाल समाज के सभी पदाधिकारीगण एवं टीम मेंबर्स को धन्यवाद प्रदान किया एवं सभी से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा बंधु एपीएल के मैचों में पधार कर अपनी एकता का परिचय दे। कार्यक्रम में समाज समिति अध्यक्ष घनश्याम बजाज, चंद्रभान स्वास्तिक, राधामोहन गोयल, युवा अग्रवाल सेवा समिति उदेई मोड अध्यक्ष ललित गुप्ता, दीपक गर्ग, मनोहर गुप्ता, दीपक सिंघल सलेमपुर, दिनेश मेडी, मोनेश गुप्ता, शीतल गोयल, कृष्ण कुमार मित्तल, सुनील गुप्ता, अंशु गोयल, कृष्णकान्त गुप्ता उपस्थित थे।



पार्थ एपीएल-7 लीग मैच की टी शर्ट व ट्रॉफी का विमोचन करते अतिथि।

## सार-समाचार

### सीनियर टीचर प्रतियोगी परीक्षा आज से

**गंगापुर सिटी**, (निसं)।सीनियर टीचर प्रतियोगी परीक्षा 2०24 संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा 28 से 31 दिसंबर तक गंगापुर सिटी में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगी परीक्षा में कुल 6 हजार 432 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिले में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें पांच सरकारी और 17 निजी स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा की अध्यक्षता में केंद्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षक, उप समन्वयक, वीडियोग्राफरो की कार्यशाला का आयोजन पंचायत समिति सभागार में किया गया। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा ने बताया कि परीक्षा 28 दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक चलेगी। विभिन्न विषयों के पेपर दो पारियों में होंगे। प्रत्येक केंद्र की वीडियोग्राफी की जाएगी और प्रत्येक केंद्र पर दो-दो वीडियोग्राफर नियुक्त किए जाएंगे। राजकीय परीक्षा केंद्र पर एक-एक पर्यवेक्षक और निजी केंद्रों पर दो-दो राजकीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। राजकीय परीक्षा केंद्रों पर 5०प्रतिशत शिक्षक दूसरे स्कूल से नियुक्त किए गए हैं। निजी स्कूलों में 75 प्रतिशत वीक्षक दूसरे सरकारी स्कूल से नियुक्त किए गए हैं। केंद्र पर पूर्णतया परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहे इसके अतिरिक्त जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी रामकिशोर मीणा ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यशाला में पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीना, जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा ने परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियां व राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों से सभी संभागियों को अवगत कराया। परीक्षा की पूरी प्रक्रिया किस तरह से संपादित की जानी है इसकी जानकारी रूप सिंह मीणा व्याख्याता द्वारा उपस्थित संभागियों को दी गई और प्रत्येक संभागी की शंका का समाधान किया गया। साथ ही परीक्षा हेतु चार उडनदस्ते का भी गठन किया गया है। परीक्षा केंद्र पर 1 घंटे पहले तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी स्थिति में परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं होगा और परीक्षार्थी को अपनी फोटो युक्त मूल आईडी के साथ ही साथ केंद्र पर प्रवेश दिया जाएगा। केंद्र पर किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मोबाइल आदि लाना सख्त मना है।

### ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित

**सूरौठ,** (निसं)। ब्राह्मण समाज की जिला स्तरीय बैठक एवं नव वर्ष मिलन कार्यक्रम शुक्रवार को गांव सौमला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। तहसील एवं चौबीसा ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुई बैठक में समाज में व्याप्त लगन एवं गोद भराई जैसी विभिन्न कुरीतियों में कम से कम लोगों को ले जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से तय किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी शंकर लाल शर्मा थे तथा अध्यक्षता चौबीसा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रकाश नारायण सहारिया ने की कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई। बैठक में शादी समारोह में किए जाने वाले फिजूल खर्चों को रोकने एवं बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा खर्च करने के संबंध में परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज के बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दे, कार्यक्रम में हिंडौन तहसील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अशोक शर्मा, चौबीसा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रकाश नारायण सहारिया, सूरौठ तहसील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राधेश्याम चतुर्वेदी पाली, अट्ठाईसा ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद चतुर्वेदी, चौबीसा के पूर्व अध्यक्ष रामनिवास शर्मा, सूरौठ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के जिला अध्यक्ष राम पंडा, कैलाश उपाध्याय ढिंढोरा, सपोटरा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष, टोडाभीम ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ब्रह्मानंद शर्मा, जेपी शर्मा हिंडौन, पूरन शर्मा बमनपुरा, रमन कटारा सौमली, छैल सहारिया, सत्य प्रकाश चतुर्वेदी ढिंढोरा, कई लोग उपस्थित रहे।

### स्वरोजगार सृजन केंद्र का शुभारंभ

**करौली,** (निसं)। राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए एमओयू को साकार करते हुए प्योर इंडिया ट्रस्ट ने शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय सवाईमाधोपुर में स्वरोजगार सृजन केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। यह केंद्र सिडबी स्वावलंबन फाउंडेशन द्वारा प्रायोजितबनो उद्यमीकार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उनकी उद्यमशीलता क्षमता को बढ़ाना है।प्योर इंडिया ट्रस्ट से जुडे खु'ाबिहारी व्यास ने बताया कि कार्यक्रम में सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्योग कि योजनाओं की जानकारी दी गई जिससे स्वरोजगार की राह आसान हो सके। 'बनो उद्यमी-51 बिजनेस आइडिया' पोस्टर प्रदर्शनी का विमोचन किया गया और पुस्तकें वितरित की गईं। यह प्रदर्शनी और पुस्तकें नए व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित होंगी। प्योर इंडिया ट्रस्ट ने अब तक देशभर में 4600 से अधिक महिला उद्यिमयों को सफलतापूर्वक व्यवसाय शुरू करने में मदद की है।सवाईमाधोपुर में 100 महिला उद्यमी सफलतापूर्वक अपने व्यवसाय चला रही हैं। प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल ने कहा कि स्वरोजगार सृजन केंद्र सूक्ष्म,लघु और मध्यम सेक्टर के विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का सबसे मजबूत माध्यम है। हमारा लक्ष्य है कि राजस्थान के हर जिले में ऐसे केंद्र स्थापित कर अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए।

### टक्कर से घायल युवक की मौत

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर प्रातः भ्रमण के लिए निकले एक युवक को टेंपो ने टक्कर मार दी जिसकी उपचार के दौरान जयपुर एसएमएस अस्पताल में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रातः करौली शहर के बडा बाजार दीवान हाउस निवासी विनय जैन पुत्र रिखव चंद्र दीवान 45 प्रातः भ्रमण के लिए प्रात घर से निकला था जो ट्रक यूनियन से तीन बड कि तरफ जा रहा था इस दौरान सड़क किनारे पैदल चलते समय एक ऑटो टेंपो ने उसको जोरदार टक्कर मार दी और टेंपो चालक ऑटो को लेकर भाग गया गंभीर रूप से घायल हुए विनय को उपचार के लिए सामान्य चिकित्सालय के ट्रोमा वार्ड में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया दोपहर के समय जयपुर में उपचार के दौरान विनय जैन ने दम तोड़ दिया जिसकी सूचना से परिवार जनों में कोहराम मच गया और मोहल्ले में शोक कि लहर दौड़ गई मृतक का शव देर शाम करौली पहुंचा जहां उसका मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### बैठक आयोजित

**भरतपुर,**(निसं)। वीर शिरोमणि राजा खेमकरण सोगरिया समाज समिति व सोगरिया समाज कल्याण समिति की बैठक चिरंजी टावर, राजा खेमकरण सर्किल, मथुरा रोड पर रविवार 11 बजे से होगी। संस्था महामंत्री श्यामसिंह जघीना के अनुसार बैठक में राजा खेमकरण सोगरिया जयंती 14 जनवरी के कार्यक्रमों पर विचार विमर्श कर रूपरेखा बनाई जायेगी।

### वीर बाल दिवस मनाया

**करौली,** (निसं)। खेड़ा जमालपुर मण्डल में भाजपा मण्डल अध्यक्षा गीता देवी जाट के नेतृत्व में शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर खेड़ा गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया।


**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सं. ईएल/50/228आर (2024-25), पुराना निविदा बन्द होने की तिथिः 24.12.2024, संशोधित निविदा बन्द होने की तिथिः 02.01.2025, निविदा की अन्य मदें जैसे कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, कार्य अनुरक्षण अवधि तथा कार्य समाप्ति अवधि इत्यादि में कोई परिवर्तन नहीं है ।

वरि. मं. वि. अभियंता(सा.), पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय पंचायत समिति करौली**

क्रमांक/पसक/लेखा/संशोधित सामग्री निविदा/2024-25/1904-1909

दिनांकः 28.12.2024

**संशोधित ई-निविदा सूचना सं. 01/2024-25**

पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायत समिति करौली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत हैण्डपम्प एवं ट्यूबवेल निर्माण एवं स्थापना हेतु उक्त कार्य के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-बोली के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए खुली प्रतियोगी बोली द्वारा ई-निविदा सूचना संख्या क्रमांक 1894-99 दिनांक 26.12.2024 द्वारा जारी की गई थी। जिसमें निविदा खोलने की तिथि एवं समय दिनांक 07.01.2025 के स्थान पर 08.01.2025 को 11:00 AM से ई-निविदा खोली जावेगी।

विकास अधिकारी
पंचायत समिति करौली